सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

अधिसूचना

महत्त्वपूर्ण / समयबद्ध

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक सं0–5546/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 व दिनांक–25–04–2026 एवं पत्रांक सं0–5571/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 व दिनांक–05–05–2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम स्नातक/परास्नातक स्तर के सम सेमेस्टर परीक्षा–2025–26 में विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालयों द्वारा छात्रों को **आन्तरिक परीक्षाएं/मूल्यांकन एवं व्यवसायिक (वोकेशनल)** पाठ्यक्रम कराकर उनके प्राप्तांक उपलब्ध लॉगिन आई0डी0 से ऑनलाइन भरकर उसकी हॉर्डकापी **दिनांक 15–05–2026** तक निम्नानुसार उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है–

1– प्रश्नपत्रों के 100 अंकों के पूर्णांक में 25 अंक आन्तरिक मूल्यांकन हेतु निर्धारित है। पूर्णांक 25 में से छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर आन्तरिक मूल्यांकन के अंक प्रदान किया जाना है।

2– द्वितीय सेमेस्टर हेतु व्यवसायिक (वोकेशनल) पाठ्यक्रम के 100 अंकों के पूर्णांक में आन्तरिक मूल्यांकन (प्रायोगिक/मौखिकी/इन्टर्नशिप) व लिखित परीक्षा में क्रमशः 60 व 40 अंक निर्धारित है तथा अन्य सेमेस्टर में क्रमशः 65 व 35 अंक निर्धारित है। छात्रों को आन्तरिक व बाह्य (लिखित) में अंक प्रदान किया जाना है।

तद्क्रम में अवगत कराना है कि अद्यतन अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक मूल्यांकन के अंक बहुत धीमी गति से ऑनलाइन किया जा रहा है, जो कि अत्यन्त ही खेदजनक है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि यथाशीघ्र अपने–अपने विभाग/संस्था के स्नातक/परास्नातक स्तर के सम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों की **आन्तरिक परीक्षाएं/मूल्यांकन एवं व्यवसायिक (वोकेशनल)** पाठ्यक्रम कराकर उनके प्राप्तांक उपलब्ध लॉगिन आई0डी0 से ऑनलाइन भरकर उसकी हॉर्डकापी परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में अनिवार्यरूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालयों की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक–5591/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 11–05–2026

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता/कुलानुशासक, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. विभागाध्यक्ष/समस्त प्रभारी (परिसर), सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक